हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 29 अप्रैल 2025


तापमान

अधिकतम 42.5 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री


10 बर्तन नगरी (जगाधरी) के बाजारों में जाम लगने से लोग परेशान





12 हिंदू संगठनों का ऐलान, मंडे बाजार में बाहरी...




## खबर संक्षेप

### जीएमएन कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज अंबाला कैंट के इतिहास विभाग के द्वारा एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी मान्यता हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा दी गई थी। सेमिनार की शुरुआत कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं अन्य सामानित अतिथि गणों के स्वागत के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मां सरस्वती की वंदना और ज्योति प्रचलित की गई जिसका उद्देश्य मां सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त करना था।

### पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में हुई प्रतियोगिताएं

**अंबाला।** पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के मिडिल विंग में कक्षा छठी,सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों के लिए अंतर सदनीय क्रिया कलाप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के विषय कक्षा छठी में वाल हैंगिंग ,कक्षा सातवीं में हैंडमेड ज्वेलरी मेकिंग तथा कक्षा आठवीं में फाइल कवर डेकोरेशन थे। स्कूल प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए कहा कि हम अपने बच्चों को सीखने की गतिविधियों में व्यस्त रखने का प्रयास करते हैं।

### प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अंबाला। डीएवी विद्यालय के प्रांगण में आर्य युवा समाज द्वारा प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी के जीवन एवं कार्यों पर आधारित एक विशेष प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को गुरुदत्त जी के प्रेरणादायक जीवन, उनके शिक्षा क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण योगदान तथा आर्य समाज के प्रति उनके समर्पण के विषय में जागरूक किया गया। प्रश्नोत्तरी के दौरान विद्यार्थियों में अद्भुत ऊर्जा और सीखने की जिज्ञासा देखने को मिली।

### पाक की किस्मत में रोना हैः अनिल

**अंबाला।** परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने सिंधु जल समझौते का पानी छोड़ने को लेकर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पाकिस्तान की किस्मत में तो रोना ही रोना है। अगर हम पानी रोकते हैं तो भी रोता है अगर हम पानी छोड़ते हैं तो भी रोता है। उन्होंने कहा यह हमारा पानी है, हम इसे जैसे भी इस्तेमाल करें। उन्होंने इस मामले में पूर्व की कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा की यह तो 1960 में हमारे कुछ पाक परस्त नेताओं ने हिंदुस्तान का ध्यान न रखकर पाकिस्तान को फायदा पहुंचाने के लिए ट्रीटी कर दी। मगर अब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। मोदी वही करते हैं जिससे देश को फायदा होता है।

### 8.500 किलोग्राम गांजा समेत काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र के टांगरी बांध के पास से गांजा बेचने के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी हरीश चन्द्र उर्फ सुमित को 8 किलो 500 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। अब पुलिस ने आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया है। 26 अप्रैल 2025 को सीआईए-1 के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा बेचने का कार्य करता है। वह टांगरी नदी से करधान गांव की तरफ मोटरसाइकिल पर गांजा की सप्लाई के लिए आएगा। सूचना उपरांत सीआईए-1 ने नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 8 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया। अब पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।



## राज्यपाल बंडारू ने राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 का किया शुभारंभ

# देश में परिवर्तन लाने व नए युग का सूत्रपात करेगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020: दत्तात्रेय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल वीरवार को करनाल पहुंचे और कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले के शिकार हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया और परिजनों को सांत्वना दी। परिजनों व विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी की वेदना सुनकर मनोहर लाल की आंखे नम हो गईं। उन्होंने कहा कि यह घटना परिवार के साथ-साथ देश के लिए भी बहुत दुखदायी है, दुःख की इस घड़ी में सरकार परिवार के साथ है और परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यह बहुत ही दुःख की बात है कि देश का एक नौजवान और होनहार हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देश में परिवर्तन लाने व नए युग का सूत्रपात करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का अहम योगदान होगा। यह शिक्षा नीति देश में एक नई चेतना और क्रान्ति पैदा करेगी जिससे वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बन सकेगा। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन, हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन विकसित भारत 2047 की दिशा में विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।




**कुरुक्षेत्र।** राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय का स्वागत करतते एनसीटीई के चैयरमेन प्रो. पंकज अरोड़ा। फोटो: हरिभूमि

### बौद्धिक विकास हो

हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि एनईपी 2020 का उद्देश्य आत्मनिर्भर, तर्कसंगत ढंग से सोचने वाले, क्रिया करने वाले, करूणा एवं मानवता के साथ साहसी, रचनात्मकता एवं कल्पनाशीलता की जड़ों से युक्त युवा तैयार करना। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सभी स्तर की शिक्षण संस्थाओं में विद्यालय से लेकर उच्च शिक्षा तक क्रियान्वित करने के लिए सुझाव दिए गए हैं।

इससे पहले राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, एनसीटीई के चैयरमेन प्रो. पंकज अरोड़ा, एचएसएचईसी के चैयरमेन प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, एनसीटीई की सदस्य सचिव अभिलाषा झा मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित किया व एनसीटीई के ध्येय गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### शिक्षा राष्ट्र की आत्मा

राज्यपाल बंडारू दत्तोत्रय ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र की आत्मा होती है। यदि हम 2047 तक एक आत्मनिर्भर, समृद्ध और वैश्विक नेतृत्व वाला भारत बनाना चाहते हैं, तो शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी। आज गीता स्थली कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक धरती से शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन के नए युग का सूत्रपात कर रहे हैं, जो विकसित भारत 2047 के सपने की ओर एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का संचारक नहीं होता, वह चरित्र निर्माण का शिल्पकार भी होता है। शिक्षक के शब्द विद्यार्थी के भविष्य को आकार देते हैं, उसकी सोच को दिशा देते हैं, और उसमें नवाचार व सेवा की भावना का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में तैयार की गई नई शिक्षा नीति-2020 इसी दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है।

### भारत विश्व का सबसे युवा देश

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है 15 से 39 के बीच 37 करोड़ युवा है जो हमारी ताकत है। देश के शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिए गए विजन 2047 को प्राप्त करने में विभिन्न आयाम साइंस, तकनीक, एग्रीकल्चर, इंडस्ट्री, सर्विस सेक्टर के मूल में शिक्षा है। पहली आदमी के पास काम नहीं, बेरोजगारी, काम के लिए आदमी नहीं मिल रहे स्किल की कमी, काम के लिए रखे हुए आदमी किसी काम के नहीं। संस्कारों की कमी, एनईपी में इन तीनों समस्याओं को समाधान दिया गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने हरियाणा में ही नहीं बल्कि पूरे देश में एनईपी को अपने यूजी एवं पीजी प्रोग्राम्स में सभी प्रावधानों के साथ लागू किया है। उन्होंने कहा कि केयू हरियाणा का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय है जिसे नेक द्वारा ए प्लस प्लस ग्रेड दिया गया है।

### तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया : अरोड़ा

एनसीटीई के चेयरपर्सन प्रो. पंकज अरोड़ा ने कहा कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से ही एनसीटीई की तरफ से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन का विषय भी शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन विकसित भारत 2047 की दिशा रखा गया है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में दो दिन शिक्षाविद् और विद्वानजन मिलकर शिक्षा और देश की भावी पीढ़ी विद्यार्थियों को शिक्षित और संस्कारित करने वाले एक अच्छे शिक्षक का निर्माण करने पर चर्चा की जाएगी। आज एनसीटीई परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। आज उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षक की निहायत जरूरत है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूरे भारत में जल्द लागू किया जा रहा है।

# अवैध खनन किसी सूरत में बर्दाश्त नहींः गुप्ता

- उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिले में अवैध खनन करने वालों को दी कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन पर अंकुश लगाने व नियमों की अवहेलना करने वाले खनिज वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए चलाया जा रहा अभियान जारी है। इस अभियान के तहत बीती रात जिला प्रशासन व खनन विभाग की टीमों द्वारा 2269 वाहनों की जांच की गई। चैकिंग के दौरान एक वाहन को सीज कर 5 लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिले में अवैध खनन रोकने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 1402 वाहनों की चैकिंग की गई। इसी प्रकार एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 286 वाहनों की चैकिंग की गई। एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 398 वाहनों की चैकिंग के दौरान 1 वाहन का चालान कर 94 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 183 वाहनों की चैकिंग कर 1 वाहन सीज किया तथा 4 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।



**यमुनानगर।** अवैध खनन रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत खनिज वाहन पर कार्रवाई करते हुए खनन विभाग की टीम के सदस्य।

### प्रशासन पूरी तरह सजग

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। प्रशासन की टीमें ऐसे लोगों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बसपा नेता व दिल्ली के प्रॉपर्टी कारोबारी की हत्या में इस्तेमाल हथियार सप्लाई करने के आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने चार आरोपियों को किया काबू, रिमांड के दौरान दोनों हत्याओं का खुला राज, दो आरोपी दुबई फरार होने का कर रहे थे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा की हत्या में संलिप्त चार आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है। काफी समय से पुलिस इन आरोपियों की तलाश कर रही थी। हत्या में इस्तेमाल कि गए हथियार इन पकड़े गए आरोपियों ने सप्लाई किए थे। पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि थाना नारायणगढ़ में दर्ज बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा की गोली मार कर हत्या करने के मामले में पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में सीआईए वन ने आरोपी यमुनानगर के गांव मारवा कलां क शुभम, यमुनानगर के रसूलपुर के शौकीन को लखनऊ एयरपोर्ट से काबू किया गया था। आरोपी दुबई भागने की फिराक में थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को 9 दिन के रिमांड पर लिया था। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि पंजलासा के ललित की गाड़ी पर फायर करने के लिए हथियार उन्होंने ही उपलब्ध करवाए थे। दिल्ली में एक प्रोपर्टी डीलर की हत्या में भी उनकी ही मुख्य भूमिका है। दिल्ली पुलिस की कई टीमें उनका पीछा कर रही हैं।

बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा की हत्या के मामले में भी आरोपी शुभम ने आरोपियों को हथियार उपलब्ध करवाए थे। हथियार लाने ले जाने में शौकीन, मनजीत निवासी गांव मानकपुर व गर्व वासी गांव भील छप्पर ने अहम भूमिका निभाई थी।




पकड़े गए आरोपी पुलिस हिरासत में।

### एक देसी पिस्टल, 2 रौंद व मैगजीन बरामद

रिमांड के दौरान जांच टीम ने आरोपी शुभम से एक देसी पिस्टल, 2 रौंद व मैगजीन बरामद की गई है। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है। इस मामले में संलिप्त अब तक 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसपी ने युवाओं से अपील की है कि वह किसी भी अपराधी के बहकावे में आकर आपराधिक कार्य न करें जिससे उनका भविष्य खराब हो। बुरी आदतों से बचकर रहें।

# खेतों में आग लगने से तूड़ी के कूप व फाने जलकर राख

- मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी, आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी

सोमवार को तरावड़ी व आसपास के गांवों में लगी आग से खेतों में फानों को आग ने अपनी चपेट मे ले लिया। जिससे आसपास के गांव में लगभग 20 एकड़ व 10 तूड़ी के कूप जलकर राख हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार तरावड़ी के पास गांव अंजनथली, सिद्धपुर, पुरानी नीलोखेड़ी में खेतों में आग ने तांडव दिखाया। जिसमें लगभग 20-25 एकड़ खेतों में खड़े फाने व पुरानी नीलोखेड़ी में तूड़ी के लगभग 10 कूपों में आग लग गई। गांव के लोगों ने फायर बिग्रेड की गाड़ी को फोन करके मौके पर बुलाया गया। बड़ी मक्शत के बाद फायर ब्रिगेड के कर्मियो ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। इसके अलावा तरावड़ी जीटी रोड नया बस स्टैंड के पास भी खेतों में आग ने अपना रूद्र रूप दिखाया। वहां पर खड़े फानों में भयंकर आग लग गई। जिसमें खेतों के आसपास खड़े पेड़ों को भी काफी नुकसान हुआ है पुलिस अधिकारी ने बताया सूचना मिली मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बुलाया और आग पर काबू पाया गया।



### तस्कर ने वन विभाग की गाड़ी को टक्कर मारी

**यमुनानगर।** गांव गुगलो के पास खैर तस्कर ने वन विभाग की गाड़ी को टक्कर मारकर वन कर्मचारियों को जान से मारने का प्रयास किया। कर्मचारियों ने पीछे कूदकर अपनी जान बचाई। वन कर्मचारियों ने आरोपी खैर तस्कर को पकड़कर उनसे करीब छह लाख रुपये की खैर बरामद की। वन रक्षक टेकचंद व सचिन मलिक ने बताया कि रात को वह गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि आमवाली बीट से खैर के पेड़ काटे गए हैं। उन्होंने गांव गुगलों के पास नाका लगाया। कुछ देर बाद उन्हें एक गाड़ी आती दिखाई दिया। जब उन्होंने गाड़ी को रूकने का इशारा किया तो आरोपी ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार कर उन्हें जान से मारने का प्रयास किया और अपनी गाड़ी भगा ले गया। उन्होंने कूदकर अपनी जान बचाई।

# 1.२5 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी में निर्माण ढहाए

- भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहबाद

जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार शाहबाद में राजस्व संपदा शाहबाद के गांव पट्टी कांकरा में लगभग 1.25 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने कहा कि राजस्व संपदा शाहबाद के गांव पट्टी कांकरा में लगभग 1.25 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है।

डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने शाहबाद में राजस्व संपदा शाहबाद के गांव पट्टी कांकरा में लगभग 1.25 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी में कच्ची सडकों, डीपीसी व कंट्रोल एरिया में एक अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा शाहबाद के गांव पट्टी कांकरा में लगभग 1.25 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।



### विभाग ने दिए थे आदेश

विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे।

## सत्तू शरबत और नारियल पानी से रखें खुद को हाइड्रेटेड

# आसमान से बरसी आग, तापमान @40

- बढ़ती गर्मी के चलते लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हरियाणा में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से पार पहुंच गया है। आसमान से आग बरस रही है। लू से लोग बेहाल हैं। बढ़ती गर्मी को देखते हुए सरकार ने भी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। ऐसे में श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के योग विभाग की चेयरपर्सन प्रोफेसर वैद्य शीतल सिंगला ने भीषण गर्मी और हीटवेव से बचाव के लिए आयुर्वेद में कई प्रभावी उपाय और पारंपरिक पेय सुझाए हैं।

उनका कहना है कि गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा रखने और ऊर्जावान बने रहने के लिए प्राकृतिक और संतुलित उपायों को अपनाना चाहिए।

डॉ. शीतल ने कहा कि गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखना जरूरी है। पानी के अलावा छाछ, नारियल पानी और ताजे फलों के रस का सेवन तरलता बनाए रखने और गर्मी से राहत दिलाने में मददगार होता है। नींबू पानी भी शरीर की गर्मी को कम करता है। यही नहीं, गर्मी के मौसम में भारी और तैलीय भोजन से परहेज करें। इसकी बजाय हल्का,जल्दी पचने वाला भोजन लेना शरीर को अतिरिक्त गर्मी से बचाता है।



**कुरुक्षेत्र।** डॉ. शीतल सिंगला।

### आयुर्वेदिक शीतल पेय

आयुर्वेद के अनुसार, निम्बूक फल पानक (नींबू रस, चीनी पानी और काली मिर्च से बना पेय), आम्र पानक (कच्चे आम से बना शरबत),चिंचा पानक (इमली आधारित पेय) जैसे पारंपरिक पेय गर्मी से बचने में बेहद प्रभावी हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि ये पेय शरीर को शीतलता प्रदान करते हैं और हीटवेव के असर को कम करते हैं। डॉ.शीतल का कहना है कि जिन लोगों को एसिडिटी की दिक्कत रहती हो उन्हें चिंचा पानक से परहेज करना चाहिए।

### सत्तू शरबत से पाएं ताजगी

डॉ. शीतल सिंगला ने बताया कि चना, जौ और गेहूं के सत्तू से बने शरबत गर्मियों में विशेष रूप से लाभकारी माने जाते हैं। मीठे या नमकीन सत्तू शरबत न सिर्फ ऊर्जा प्रदान करते हैं,बल्कि शरीर को लंबे समय तक ठंडा भी रखते हैं। उन्होंने बताया कि रागी से बनी खीर भी गर्मियों में एक बेहतर विकल्प है। यह ठंडक देने के साथ-साथ फाइबर और आवश्यक पोषक तत्वों का भी अच्छा स्रोत है।

### अपर महानिदेशक ने किया सरकारी स्कूल का दौरा

**अंबाला।** अपर महानिदेशक भर्ती (राज्य) मेजर जनरल केपी सिंह ने सोमवार को सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल जटवाड़ का दौरा किया। यहां उन्होंने युवा छात्रों को अग्निपथ योजना और विभिन्न नियमित संवर्गों के तहत भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस दौरे का उद्देश्य युवा मनों को भारतीय सेना में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित करना और उनका मार्गदर्शन करना था, जिससे युवाओं में देशभक्ति और कर्तव्य की भावना को बढ़ावा मिले। अपनी यात्रा के दौरान मेजर जनरल सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय सेना वीरता और साहस का पर्याय है जो राष्ट्र की सेवा करते हुए व्यक्तिगत विकास के अवसर प्रदान करती है। उल्लेखनीय है कि सेना अधिकारी ने अपनी प्राथमिक शिक्षा उसी स्कूल से पूरी की थी जिससे छात्रों के साथ उनकी बातचीत और भी प्रभावशाली हो गई।

# कार की टक्कर लगने से बाइक सवार पिता की मौत, बेटा घायल

- जगाधरी-पावंटा हाइवे पर गांव पीपलीमाजरा के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जगाधरी-पावंटा हाइवे पर गांव पीपलीमाजरा के पास कार की टक्कर लगने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका लड़का घायल हो गया। मृतक व्यक्ति पावंटा साहिब के गुलाब नगर में अपने बेटे के साथ बेटी से मिलने के लिए जा रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कामी माजरा निवासी शहजान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता 57 वर्षीय लियाकत अली उसके भाई शाकिब के साथ बाइक पर उसकी बहन से मिलने बाइक पर पावंटा साहिब के गुलाब नगर जा रहे थे। जब वह गांव पीपली माजरा के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगो ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसके पिता लियाकत अली की मौत हो गई। जबकि उसके भाई का इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### पवन शर्मा ने संभाला डीएफओ का पदभार



करनाल। पवन शर्मा ने बतौर डीएफओ करनाल में पदभार संभाल लिया है। इससे पूर्व वह डीएफओ अंबाला के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। हाल ही में उनका तबादला करनाल में किया गया है।
पवन शर्मा पूर्व में पंचकूला, यमुनानगर, पिंजौर, पंचकूला मुख्यालय में भी अपनी सेवाएं दे चुकें है। उन्होंने कहा कि विभाग का मुख्य कार्य अधिक से अधिक पेड़ लगाना और उनको संरक्षित करना है। इस दायित्व को वह कर्मठता से निभाएंगे।




### आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

**करनाल।** जिला करनाल फर्टिलाइजर, पैसटीसाईड एवं सीडज ट्रेडर्स एसोसिएशन ने भारत सरकार से मांग की है कि पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले आतंकियों और उनके जन्मदाताओं को जड़ से खत्म किया जाए। उन्हें ऐसी सजा दी जाए, जिसे देखकर देश के दुश्मन भारत की तरफ नजर भी न उठा पाएं। सोमवार को एसोसिएशन की ओर से बीज मार्केट में सभा का आयोजन कर आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान रामकुमार गुप्ता ने की। बीज मार्केट के सभी दुकानदार दिवंतगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने पहंचे। इस मौके पर जिला करनाल फर्टिलाइजर पैसटीसाईड एवं सीडज ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रधान राम कुमार गुप्ता ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आतंकी हमले में जान गंवाने वाले भारतीयों का कसूर केवल इतना ही था कि वह हिन्दू थे। इस दौरान व्यापारियों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।



### विर्क हॉस्पिटल में हृदय जांच शिविर 30 को

**करनाल।** सुख दुख दे साथी सभा एवं विर्क हॉस्पिटल करनाल द्वारा निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन 30 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। शिविर में प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सूरज सिंह हृदय रोगियों को परामर्श देंगे। यह जानकारी सुख दुख दे साथी सभा के महासचिव हरसिमरन वधवा, मोहित चावला, प्रोजेक्ट डायरेक्टर मोहित कुमार, हितेश मनोचा, सुभाष गांधी, सोमनाथ डाबर, राकेश खन्ना तरसेम वटा, वरुण अरोड़ा, बोबी छाबड़ा ने दी। सभा के महासचिव हरसिमरन ने बताया कि शिविर का उद्घाटन करनाल के विधायक जगमोहन आनंद एवं नगर निगम की महापौर रेनू बाला गुप्ता 10.30 बजे करेंगे। उन्होंने बताया कि यह शिविर 10 से 2 बजे तक लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, लिपिड प्रोफाइल और एचबीए 1 सी की निशुल्क जांच की जाएगी।

### जिलाध्यक्ष ने ली नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों व पदाधिकारियों की बैठक

# भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासन का पालन करने वाला : प्रवीन लाठर

विधायक ने नवनियुक्त मंडलाध्यक्षों व सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पार्टी की जिम्मेदारी सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विश्राम गृह इंद्री में इंद्री मंडल के नवनियुक्त मंडलाध्यक्षों व पदाधिकारियों की बैठक हुई । जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीन लाठर व इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने मुख्य रूप से शिरकत की ।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त मंडलाध्यक्षों व पदाधिकारियों को बधाई दी। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी पार्टी द्वारा दिए गए पद व जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा व लगन से निभाएं । भारतीय जनता पार्टी अनुशासन का पालन करने वाली पार्टी है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासन में रहकर पार्टी के लिए कार्य करता है। भाजपा मे महिलाओं को पुरा सम्मान मिलता है इसीलिए इंद्री व गढ़ी बीरबल की नवनियुक्त कार्यकारिणी में महिलाओं को भी जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान इंद्री से विधायक रामकुमार कश्यप ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर का बुके देकर स्वागत किया । विधायक ने कहा कि जिलाध्यक्ष पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता हैं और पार्टी की नीतियों का प्रचार- प्रसार करने में हमेशा आगे रहते हैं। उन्होंने नवनियुक्त मंडलाध्यक्षों व सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौपी है, उसका सभी पदाधिकारी सम्मान करें और पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करें। इस मोके पर भाजपा कार्यकत्ता मौजूद रहें ।



इंद्री। विश्राम गृह इंद्री में नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर। *फोटो : हरिभूमि*



इंद्री। उपमंडल नागरिक अस्पताल इंद्री में फर्स्ट रेफरल यूनिट का उद्घाटन करते विधायक रामकुमार कश्यप। *फोटो : हरिभूमि*

## प्रदेश सरकार नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए दृढ़ संकल्पित

- विधायक रामकुमार कश्यप ने उपमंडल नागरिक अस्पताल इंद्री में फर्स्ट रेफरल यूनिट का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप ने उपमंडल नागरिक अस्पताल में फर्स्ट रेफरल यूनिट का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि अब अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर, ब्लड स्टोरेज यूनिट और ऑटोमेटिक बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर की सुविधा उपलब्ध हो गई है, जिससे गर्भवती महिलाओं को ऑपरेशन और मरीजों को खून एवं 25 प्रकार के लैब टेस्ट के लिए करनाल रेफर नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपने नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसी दिशा में, सरकार द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का संचालन किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य आमजन तक सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेशभर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और नागरिक अस्पतालों का जाल बिछाया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और नवीनतम तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अस्पतालों में आधुनिक उपकरण लगाए जा रहे हैं और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ रेनु चावला, उप सिविल सर्जन डॉ नीलम, सीएचसी कुंजपुरा के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप अबरोल व इंद्री के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ सतवीर सिंह मौजूद रहे।



### किसान नेता राकेश टिकैत ने लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के आवास पर पहुंचकर परिवार जनों को सांत्वना दी

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पहलगाम में मारे गए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के आवास पर पहुंचकर परिवार जनों को सांत्वना दी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रतन मान मौजूद रहे। राकेश टिकैत ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पहलगाम की घटना बहुत दर्दनाक घटना है। जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस घटना के संबंध में हमारा संगठन देश व सरकार के साथ पूरी ताकत के साथ खड़ा है। सरकार को इस मामले को लेकर कड़े से कड़े निर्णय लेने चाहिए। किसान नेता राकेश टिकैत एडवोकेट भूपेंद्र सिंह राठौर व विक्रम लाठर के घर पर भी शोक जताने पहुंचे। इस अवसर पर प्रदेश संगठन सचिव श्याम सिंह मान, कोर कमेटी अध्यक्ष यशपाल राणा, जिला अध्यक्ष साहब सिंह बाजवा, प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान, उत्तरी हरियाणा प्रभारी मेहताब कादयान, कार्यालय सचिव राजकुमार नौतन, सचिव राजेंद्र राणा, देवेंद्र सागवान सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।



तरावड़ी। पत्रकारों से बातचीत करते हुये नपा चेयरमेन विरेन्द्र बंसल व मुकेश चौधरी।

### आतंकी हमला भारत की आत्मा पर हमलाः वीरेन्द्र

**तरावड़ी।** देश की जनता पहलगाम कश्मीर में कायर व धर्मान्ध आतंकवादियों द्वारा भारत के निहत्थे व निर्दोष नागरिकों पर किए गए प्राण घातक व कायराना हमले से आहत है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तुरंत प्रभाव से देश के दुश्मनों व आतंकवाद को पालने पोसने वाले दुश्मन देश पाकिस्तान के विरुद्ध तुरंत कठोर से कठोरतम कदम उठाकर इन मानवता के दुश्मनों को नेस्तनाबूद करें। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादियों ने बेहद ही कायराना तरीके से हमला किया है। नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र बंसल ने कहा कि हम पूरी तरह से सरकार के साथ है लेकिन सरकार को बड़े और कड़े फैसले लेने होंगे। केवल पानी रोकने से या फिर दूतावास में स्टाफ करके इस हरकत पर पर्दा नहीं डाला जा सकता। इसलिए मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि आने वाले समय में पड़ोसी मुल्क ऐसी घिनौनी हरकत ना करे। क्योंकि यह हमला ना केवल निर्दोष पर्यटकों के जीवन पर हमला है, बल्कि कश्मीर में शांति व सामान्य स्थिति की कोशिशों पर भी एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने इस हमले में मारे गए सभी मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों के समक्ष गहरी संवेदना जाहिर की है।

## भ्रष्टाचार देश के लिए नासूर बनकर जड़ों को कर रहा है खोखलाः संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा विस्तार...भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए, महाअभियान का आरंभ किया गया है। महाअभियान को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो ने कहा कि भ्रष्टाचार देश के लिए नासूर बना हुआ है और देश की जड़ों को खोखला कर रहा है, भ्रष्टाचार विकसित भारत अभियान में सबसे बड़ा रोड़ा है, इसलिए जिस तरह से जब देश अंग्रेजों का गुलाम था तो भारत छोड़ो आंदोलन जैसे महाअभियान चलाए गए थे जो सार्थक सिद्ध हुए थे उसी तरह से आज देश को भ्रष्टाचार से लड़ाई लड़ने के लिए विस्तार... भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए जैसे अभियानों की बहुत आवश्यकता है
अपनी टीम का भी विस्तार करें जिस से इस अभियान का भी विस्तार हो। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा लोगों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाकर जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर संदीप कुमार, विशाल काठ, नैशनल प्रेसिडेंट राजनीतिक प्रकोष्ठ गौरव गाबा, नैशनल यूथ डायरेक्टर कुश व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



## भाविप कर्ण शाखा का पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत विकास परिषद् कर्ण शाखा द्वारा स्थानीय डिबेंचर होटल में प्रथम पारिवारिक मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सदस्यों द्वारा वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ। इस मौके पर पहलगाम में उग्रवादियों द्वारा मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया और शाखा की एक सदस्या द्वारा लिखित कविता पाठ कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

इस कार्यक्रम में शाखा के पुराने सदस्यों, जिन्होंने विभिन्न प्रकल्पों में सक्रिय सहभागिता निभाई थी, को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीडी ओवरसीज के मालिक प्रवीण गर्ग उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि पाकिस्तानी आतंकियों को उनके घर में घुसकर खत्म किया जाए। भाविप के प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने कहा कि भारत जैसे महान देश में पर्यटकों को निशाना बनाना शर्मनाक है। वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट विजय कालरा जी द्वारा तथा शाखा के वर्षभर के कार्यों का विवरण नितिन गोयल एवं ज्योति चौधरी द्वारा साझा किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रणव जावा ने प्रभावशाली ढंग से किया। सभी उपस्थित सदस्यों ने इस पारिवारिक मिलन का भरपूर आनन्द लिया और इस कार्यक्रम को यादगार एवं प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष पंकज गर्ग और वर्तमान अध्यक्ष ज्योति चौधरी उनके साथ भाविप के प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता तथा प्रांतीय सचिव अतुल गोयल की गरिमामयी उपस्थिति रही।



### पुस्तकें बांटी

इस कार्यक्रम में सेवा कार्यों के अंतर्गत रब्बी पाठशाला एवं सरस्वती विद्या मंदिर के जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकें प्रदान की गईं। इसके बाद कैरोके नाइट का आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों और उनके परिवारों ने गीत-संगीत की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम में सभी परिवारों ने बड़ी उमंग और उत्साह के साथ भाग लिया। इस आयोजन के सफल संचालन में डॉ. संकेत सिन्हा, प्रणव जावा, कपिल अत्रेजा, राकेश वर्मा तथा संजय बिदानी प्रकल्प प्रमुख रहे।




### भाविप ने बच्चों को स्कूल की सामग्री भेंट की

**करनाल।** भारत विकास परिषद माधव शाखा की महिला विंग की ओर से हरियाणा पब्लिक स्कूल को प्रचार सामग्री व कुछ अन्य जरूरत का सामान भेंट किया गया। महिला सहभागिता उपप्रधान डा. सुजाता गुप्ता की देखरेख में यह पुण्य कार्य किया गया। उल्लेखनीय है कि हरियाणा पब्लिक स्कूल गीता कालोनी में बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। इस स्कूल का संचालन ट्रांसजैनडर अदिति शर्मा कर रही हैं। डा. सुजाता गुप्ता ने जब अदिति शर्मा से मुलाकात की थी तो उन्होंने स्कूल के प्रचार के लिए कुछ फलेक्स बोर्ड की जरूरत बताई थी। इसके बाद माधव शाखा महिला विंग की ओर से स्कूल को यह प्रचार सामग्री भेंट की गई। सह परियोजना निदेशक की भूमिका सुचेता गुप्ता और सरोज बाला ने अदा की। इस मौके पर उपप्रधान डा. सुजाता गुप्ता ने कहा कि भारत विकास परिषद के सेवा प्रकल्प के तहत यह कार्य किया गया है। अदिति शर्मा ने भारत विकास परिषद माधव शाखा का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर भाविप माधा शाखा प्रधान राजेंद्र छिकारा, सचिव गीता प्रकाश, प्रतिभा बंसल, विजय कक्कड़ व आर मोहिनी आदि मौजूद रहे।

## हरियाणा जीके क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अंबेडकर प्रोफेसर्स एसोसिएशन ऑफ हरियाणा की ओर से नेशनल सेमिनार और हरियाणा जीके क्विज प्रतियोगिता का आयोजन अंबेडकर भवन सेक्टर 16 में किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के महासचिव राजेश कुमार सोलंकी ने किया। विजेता प्रतिभागियों को नगद राशि भेंट कर सम्मानित किया गया। 17 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी डा. आर.आर. फुलिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में रिटायर्ड आईआरटीएस एमएस चालिया व विशेष अतिथि के तौर पर रिटायर्ड डीईटीओ आरके पोरिया ने शिरकत की। दिल्ली यूनीवर्सिटी से पहुंचे डा. सज्जन कुमार, प्रो. एसके चहल, डा. एमएस बागी और प्रो. सुशील कुमार ने डा. भीमराव अंबेडकर के जीवन सहित कई अन्य मुद्दों पर विचार रखे। क्विज प्रतियोगिता में पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय करनाल के निखिल ने पहला, इसी महाविद्यालय के राहुल ने दूसरा तथा कुरुक्षेत्र यूनीवर्सिटी की कनिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार मिला। सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वालों में मोहित, अक्षय, सुमित कुमार, मोनिका, पवन कुमार, अनिकेत, कुसुम, नीतिन, अन्नु, अंशुल, अंकुश, अर्णव, स्वाति, अभिषेक, संध्या, मनसवी व अंकुश शामिल रहे।





### पुस्तक प्रदर्शनी से छात्राओं को जागरूक किया

**करनाल।** डॉ.गणेश दास डीएवी महिला शिक्षण महाविद्यालय कर्नल को विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर महाविद्यालय पुस्तकालय में एक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों में पठन-पाठन की रुचि को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर डॉ. राकेश संधू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके प्रेरणादायक विचारों ने सभी को बहुत प्रभावित किया। प्रदर्शनी का संयोजन महाविद्यालय की पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. अर्चना सक्सेना के मार्गदर्शन में किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों की पुस्तकों का समावेश किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल थीं। गांधीवादी दर्शन पर आधारित पुस्तकें, जो सत्य, अहिंसा और सादगी के मूल्यों को दर्शाती हैं। हिंदी साहित्य की प्रसिद्ध रचनाएँ एवं कविताएँ। अंग्रेजी साहित्य के क्लासिक एवं समकालीन ग्रंथ। मनोविज्ञान से संबंधित सिद्धांतों एवं व्यवहारिक पहलुओं की पुस्तकें। शोध विधि पर आधारित पुस्तकें जो शोध लेखन में सहायक हैं। शिक्षा संबंधी पुस्तकों में नवीन शैक्षिक दृष्टिकोणों का समावेश। सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित नवीनतम विषयों की पुस्तकें। अन्य विविध विषयों पर भी पुस्तकें प्रदर्शित की गईं।

## भगवान परशुराम से पराक्रम, त्याग और विरक्त भाव की मिलती है शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

एसएमएस मैमोरियल पब्लिक स्कूल में भगवान परशुराम जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-छात्राओं और स्टाफ सदस्यों द्वारा भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर की । प्रबंधक सरदार गुरशरण ग्रेवाल ने सभी को परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परशुराम जी बहुत बड़े शिव भक्त मानें जाते है, उन्हें भोलेनाथ की तरफ अनेक वरदान प्राप्त हैं, वे भगवान विष्णु के छठे अवतार होने के साथ साथ आवेश अवतार भी कहे गये है। संसार में जहाँ भी अन्याय और अत्याचार चरम पर पहुंचता है वहां भगवान परशुराम प्रकट होकर अपना रौद्र रूप दिखाते है और बुरी शक्तियों को जड़ से विनाश कर देते हैं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने परशुराम जी से जुड़े विभिन्न किस्से और कहानियां सुनाई। विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने भगवान परशुराम जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में महर्षि भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। उन्हीं को याद करने के लिए हर साल पूरे भारतवर्ष में वैशाख माह की अक्षय तृतीय शुक्ल को महर्षि परशुराम जयंती मनाई जाती है।




तरावड़ी। एसएमएस पब्लिक स्कूल के बच्चे कार्यक्रम मे भाग लेते हुए।

### ब्रह्माकुमारीज घरौंडा ने किया समाज सेवियों का सम्मान

# समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ब्रह्माकुमारीज घरौंडा द्वारा आनंद सरोवर ऑडिटोरियम में "समाज सेवियों का सम्मान समारोह" का भव्य एवं भावनात्मक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिससे समूचा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया कार्यक्रम की शुरुआत से पूर्व जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में मारे गए 28 लोगों के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस भावपूर्ण क्षण के बाद समारोह का कार्यक्रम आगे बढ़ाया गया। समारोह की अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी बी.के. प्रेम दीदी की। उन्होंने कहा कि सच्ची समाज सेवा तभी सं। ध्यान सत्र के पश्चात उन्होंने 'ॐ शांति' शब्द का उच्चारण करते हुए अपनी बात को विराम दिया और उन्हें ध्यानपूर्वक सुन रहे सभी श्रोताओं का तथा कार्यक्रम की आयोजिका बी.के. रेणु बहन का विशेष रूप से धन्यवाद किया। बीके प्रेम दीदी ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों और समाजसेवियों को अपने स्नेहपूर्ण और आशीर्वचनमय शब्दों से संबोधित किया। उन्होंने सभी को सेवा, सद्भावना और आत्मिक शक्तियों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया तथा सभी के उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं सेवाभावी प्रतिनिधियों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया सात्विक ब्रह्मा भोजन परोसा गया, जिसे सभी ने आनंदपूर्वक ग्रहण किया। इस समारोह में भारत विकास परिषद रोटरी क्लब निफा सहयोग इंटरनेशनल ट्रस्ट अग्रवाल युवा संगठन सेवा भारती, पत्रकारों आदि हर एक संस्थाओं को सम्मानित किया गया । इस समारोह में नगर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं ब्रह्माकुमारी परिवार के सदस्यों ने भारी संख्या में भाग लिया। सभी उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की प्रशंसा की और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला प्रेरणादायक प्रयास बताया।



पत्रकार कमल धीमान को सम्मानित करतीं ब्रहम कुमारी प्रेम दीदी, व रेनू बहन जी।

### सम्मान पाकर समाज सेवियों के खिले चेहरे

समारोह के दौरान बी.के. रेणु बहन ने आऐ विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को उनकी सेवा और योगदान के सम्मानस्वरूप बैज, ट्रॉफी और सम्मान का पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान ने सभी सेवाभावी प्रतिनिधियों के मनोबल को और अधिक सशक्त किया तथा समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को नई प्रेरणा प्रदान की। बी.के. रेणु बहन ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि घरौंडा जैसे नगर में समाजसेवा के प्रति जागरूक संगठनों को इस मंच से सम्मान देना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सेवा की भावना को और अधिक प्रबल करते हैं।

## खबर संक्षेप

### फर्जी रजिस्ट्री केस में पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया

**पानीपत।** पानीपत की तहसील में फर्जी रजिस्ट्री का मामला उजागर होने के बाद उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने तहसील के उस ऑपरेटर की बदली कर दूसरी ब्रांच में कर दी है, जिसकी फर्जी रजिस्ट्री मामले में संदिग्ध भूमिका है। जबकि पांच कर्मचारियों का तबादला किया है।

### पैसे डबल करने का लालच देकर ठगी करने वाला पकड़ा

**पानीपत।** तांत्रिक क्रिया से पैसे डबल करने का झांसा देकर दरियापुर गांव निवासी दो युवकों से 2.20 लाख रूपए की ठगी करने वाले गिरोह के चौथे आरोपी दीपक निवासी उजाले खां गोहाना सोनीपत को थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी देवेंद्र ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी साहिल, सतीश व मेवासिंह उर्फ सागर के साथ मिलकर ठगी करना स्वीकारा है। वहीं, इस मामले में दरियापुर गांव निवासी सुखबीर पुत्र शेर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### आईबी कॉलेज में विदाई पार्टी का आयोजन

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा बीसीए फाइनल इयर के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्राचार्य डॉ.शशि प्रभा मलिक उपप्राचार्य डॉ.किरण मदान, विभागाध्यक्ष डॉ.विक्रम कुमार, कार्यक्रम के संयोजक प्रो.अश्वनी गुप्ता, प्रो.विनय भारती, प्रो.दीप्ति, प्रो.नीतू, प्रो.प्रीति, प्रो.मिलन, प्रो.पूजा शर्मा, प्रो. पूजा रूहल, प्रो.मोहित द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। वहीं मिस फेयरवेल नीतिका, मिस्टर फेयरवेल पीयूष को बनाया गया। इस अवसर पर अंजली गुप्ता, सुखजिंदर सिंह, ममता, डॉ.प्रवीण, लेफ्टिनेंट राजेश कुमार, रामप्रसाद व दीपक भी उपस्थित रहे।

### बैडमिंटन में गोल्ड मेडल जीत बढ़ाया मान

**समालखा।** गुरुग्राम में आयोजित एक दिवसीय ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन स्पोर्ट्स जॉन बैडमिंटन अकादमी में करवाया गया। जिसमें विभिन्न राज्यों के खिलाडियों ने भाग लिया। जिसमें जिला के समालखा की गौतम बैडमिंटन अकादमी के ओनर व हेड कोच सनी गौतम ने डबल्स में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि हमने फाइनल में यूपी की टीम को हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।

### बस अड्डो पर बनी दुकानें युवाओं को दी जाए

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करपशन एण्ड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आरटीआई कार्यकर्ता यशपाल मलिक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी को लिखे एक पत्र में मांग की है कि प्रदेश के सभी बस अड्डो पर बनी दुकानों आम जनता को खासकर बेरोजगार युवाओं को दी जाए। वहीं पानीपत बस अड्डे पर एक ही ग्रुप को पट्टे पर दी गई सभी दुकानों के पट्टे को रद्द किया जाए।

### फसल अवशेष जलाने से रोकने को बनाई कमेटी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने कहा कि गेहूं की फसल कटाई के बाद खेतों में फसल अवशेष (फाने) जलाना न सिर्फ एक दंडनीय अपराध है, बल्कि पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को रोकने व कार्रवाई करने के लिए प्रशासन द्वारा ब्लॉक स्तर पर टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों द्वारा जिला में किसानों व आमजन को फसल अवशेष न जलाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है व उसके भारी नुकसानों से अवगत भी करवाया जा रहा है।

### मत्स्य पालन को लेकर जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत जिला मत्स्य अधिकारी भीमसेन बैनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पानीपत में मत्स्य विकास की सम्भावनाओं व जिले के बेरोजगार युवक/युवतियों को मत्स्य पालन हेतू प्रेरित करने के लिए आयुक्त एवं सचिव हरियाणा सरकार, मत्स्य विभाग के आदेशानुसार 30 अप्रैल तक मत्स्य जागरुकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत अब तक वआठ जागरुकता शिविर लगाये जा चुके है।

---

### पानीपत के नगर निगम क्षेत्र में 1.80 लाख प्रॉपर्टी टैक्स दाता

# प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करने वाली चार फैक्ट्रियों को किया गया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



- बकायेदारों को फाइनल नोटिस जारी, बडे पैमाने पर जल्द शुरू होगी कार्रवाई
- बकायेदारों को फाइनल नोटिस करने की तैयारी

पानीपत नगर निगम ने सोमवार को टैक्स जाम नहीं करने वाली चार फैक्ट्रियों को सील कर दिया। सीलिंग की कार्रवाई के दौरान टीम के साथ पुलिस बल भी साथ रहा। नगर निगम ने इस कार्रवाई के बाद बाकी बकायदारों को चेताया है कि अगर उन्होंने भी जल्द बकाया राशि जमा न करवाई तो ये कार्रवाई उन पर जल्द होगी। जिसकी प्रक्रिया जारी है। वहीं बकायेदारों की लंबी सूची है। जिनमें बकायेदारों के प्रमुख नाम तपन कुमार गुप्ता पर 1,74,45,703.09, दिल्ली गुजरात फ्लीट करियर प्राइवेट लिमिटेड पर 1,54,79,000.11, धर्मवीर गुलाटी पर 1,35,91,521.8, क्षेत्रीय पंजाब खादी मदन लाल पर 77,08,246.81, अनु कालरा पर 74,86,719.49, चंचल जुनेजा पर 72,02,022.9, अविनाश चंद्र पर 69,63,913.29, महेन्द्र कुमार सैनी पर 69,25,763.39, दिनेश जैन पर 63,73,990.29, जोगिन्द्र पर 62,52,187.48, भारत मेहता, दिव्या मेहता, नेहा पर 54,55,310.88, गुंजन आहुजा पर 45,39,748.67, अक्षय जैन पर 44,89,160.09, रीना श्रीवास्तव पर 44,71,537.95, दीपक सिंगला, सुरेंद्र सिंगला पर 42,08,045.71, निर्मला रानी, ललिता रानी पर 40,17,600, सुभाष पर 40,00,860, शिव ट्रेंडिंग पर 34,89,072.68, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण पर जीओएच की कुल देय राशि 33,11,136.81, अविनाश चंद्र पर 32,67,718.43, राधे श्याम पर 29,82,248.65, विकास गर्ग, अजय गर्ग, रोहित गर्ग, संचित गर्ग पर 29,31,207.35, आशा रानी पर 28,72,279.61, अशोक गोयल पर 27,81,757.93, संदीप गर्ग पर 25,43,481.9, सुरेश कुमार पर 23,93,255.35, ज्योति कॉटसायरन प्राईवेट लिमिटेड पर 23,62,469.1, संजय गोयल पर 23,42,996.81, यूनिवर्सल टैक्सटाइल पीसीआईएस लिमिटेड पर 22,94,921.6, दीपक वडेरा पर 22,36,078.78, सुधीर कुमार जिंदल पर 21,53,691.6, कौशल्या देवी, कुलदीप सिंह, रानी सिंगला, रूप चंद पर 21,20,958, सरोज गोयल पर 21,19,249.53, नवीन, राजीव, संजीव पर 20,86,641, रीना गर्ग पर 20,65,050.11, रिवरा होम फाइनेंसिंग पर 20,40,000, अरूण कुमार सिंह पर 19,82,322.38, बलवान पर 19,78,177.77, परमिला, शीला देवी पर 19,69,288.13, मनीष जिंदल पर 19,36,151.66, रीना गर्ग पर 19,01,165.48, अत्तर सिनप लिमिटेड पर 18,97,169.68, वीरेंद्र कुमार पर 1,88,052.2, प्यारे लाल पायल पर 18,80,089.87, एम/एस अभी टैक्स इंटरनेशनल पर 18,73,373.8, सतींद्र लेखा पर 18,27,208.81, केशव मदान, सत्यम मदान, शिवम मदान टैक्स बकाया है।

#### अधिकतर पर बकाया है टैक्स

इधर, नगर निगम के टैक्स विंग के अधिकारी ने बताया कि पानीपत के नगर निगम क्षेत्र में 1.80 लाख प्रॉपर्टी टैक्स दाता है। इनमें से तीन चार हजार ने ही टैक्स जमा किया है। अधिकतर पर टैक्स बकाया है। उन्होंने कहा कि सोमवार को चार फैक्टरी सील की है।

---



समालखा का ब्राह्मण समाज शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## ब्राह्मणों ने पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कार्रवाई करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को ब्राह्मण समाज सामाजिक संगठन ने बैठक कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वहीं बैठक का आयोजन शहरी प्रधान पवन कौशिक की अध्यक्षता में उनके कार्यालय पर किया गया। इस अवसर पर एकत्रित हुए ब्राह्मण समाज के लोगों ने पहलगाम घटना की एक स्वर में घोर निंदा की। ब्राह्मण समाज के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि उग्रवाद व पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। ब्राहमण समाज की बैठक में फैसला लिया गया कि परशुराम जयंती का जो कार्यक्रम आयोजित किया जाना था वह अब पहलगाम के शहीदों की रस्म क्रिया के बाद ही किया जाएगा। वहीं, आनंद आर्य ने कविता के माध्यम से मरने वालों के प्रति गहरा शोक प्रकट किया। जबकि शहरी प्रधान पवन कौशिक ने कहा कि लोगों से उनका धर्म पूछकर उन्हें मारना, महिलाओं को विधवा बनाना- यह भारत में असहनीय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंसा के ऐसे कृत्यों का गंभीर परिणाम भुगतना होगा। मोहन कौशिक नारायणा ने कहा कि पहलगाम के बैसारन में मंगलवार को आतंकियों ने 28 लोगों को गोलियों से भूनकर बड़े नरसंहार को अंजाम दिया है। इस अवसर पर जनेश्वर दत्त ग्रामीण प्रधान, बलजीत शर्मा ढ़ीडार, पवन कौशिक, हरिओम शर्मा, भगवान दास, विकास वत्स जिला उप प्रधान, बलबीर शर्मा सोहनलाल, मोहनलाल, कमल कौशिक नामुंडा, मोहन कौशिक नारायणा, नंदलाल कौशिक आदि उपस्थित रहे।

---

## श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली

- पंच दिवसीय महोत्सव धूमधाम से मानाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



1008 महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय के उत्सव में मंगल गीत गाती हुई श्रद्धालु।

जैन मोहल्ला में श्री 1008 महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय (छोटा मंदिर) नवीनीकरण पंच दिवसीय महोत्सव में सोमवार को गणिनी आर्यिका 105 आर्षमति माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में धूमधाम के साथ मनाया गया। आज सर्वप्रथम भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा के उपरांत मंत्रोच्चारण के बीच ध्वजारोहण सुनील जैन ममता जैन के द्वारा किया गया। तत्पश्चात सौभाग्यवती महिलाओं के द्वारा मस्तक पर कलश धारण कर घट यात्रा निकाली गई तत्पश्चात प्रतिष्ठाचार्य डा. अभिषेक जैन के निर्देशन में मंडप शुद्धि एवं वेदी शुद्धि की प्रक्रियाएं प्रारंभ हुई एवं श्री चौसठ ऋद्धि विधान का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विशेष रूप से मां ससंघ द्वारा सौभाग्यवती महिलाओं को सौभाग्य सूचक दुपट्टा देकर आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि पानीपत नगर के लोगों को किसी प्रकार की कोई लालसा नहीं है अपितु स्नेह की आवश्यकता है पानीपत का इतिहास समृद्धिशाली है इसका अनुमान यहां पर स्थापित जिन बिम्बो को देखकर किया जा सकता है।

---

## भाजपा हर वर्ग की हितैषी:दुष्यंत भट्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट से मिलते हुए पार्टी बबैल मंडल के पदाधिकारीगण।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश में मंडलों का गठन किया जा रहा है इसी क्रम में जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा व शीर्ष नेतृत्व से विचार विमर्श करके पानीपत ग्रामीण बबैल मंडल का गठन किया गया। जिसमें जसविंदर चहल को मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र बालियान को उपाध्यक्ष प्रमोद कश्यप उपाध्यक्ष परमजीत सिंह सग्गु उपाध्यक्ष दीपक उपाध्यक्ष चितरंजन पराशर उपाध्यक्ष सुनीता कश्यप महामंत्री बिजेंद्र पांचाल महामंत्री सचिन पाल सचिव सुनील प्रजापत सचिव ममता पंवार सचिव कुलदीप कश्यप सचिव सुनेश बराना सचिव विनोद चंदेला कोषाध्यक्ष हेमंत रोहिला सह कोषाध्यक्ष नीरज पांचाल मीडिया प्रभारी नीरज कुमार सह मीडिया प्रभारी विक्की अहलावत आई टी सेल संदीप पंवार सह आई टी सेल बनाए गए।

---

## मानचित्र भरो प्रतियोगिता करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** डीएसपीएस की प्राचार्या डॉ. विनीता तोमर के साथ विजेता विद्यार्थी।

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में सोमवार को सामाजिक विज्ञान विभाग की ओर से मानचित्र भरो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ. विनीता तोमर ने किया।

वहीं प्रतियोगिता में सानवी गुलाटी, काव्या, माही अभिषेक, अराध्या मलिक, सारवी पुनिया, यशविन, आरूष गोयल, दिव्यांशी, अनन्या, सुखप्रीत कौर, हिमानी, सान्वी गोयल, राधिका अनन्या, मिहिका, सायशा, खुशबू, आन्या, जिविका धमीजा, अवन्तिका सन्धु, रिधिमा, सारा इकजोत कौर, श्रष्टि, मानसी, अनुज, वेदांश, रिधिमा, तन्नु विजेता रही। सभी को प्रधानाचार्या डॉ. विनीता तोमर ने पुरस्कृत करते हुए कहा कि जीवन में मानचित्र छोटे से छोटे स्थान से लेकर पूरे विश्व की भौगोलिक एवं अज्ञात स्थान की जानकारी के लिए मार्गदर्शक और दिग्दर्शक का काम करता है।

**ये रहे मौजूद रहे:** इस अवसर पर अध्यापक सुनील राणा, महेंद्र सिंह कादियान, कविता मलिक, कनिका शर्मा, पूजा बतरा मंजू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

---

## ग्राम सभा के बारे में जानकारी दी

- घूंघट को छोड़कर ग्राम विकास करवाएं महिला सरपंच : डॉ सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। सरपंचों के रिफ्रेसर कोर्स कार्यक्रम पहुंची डॉ किरण का स्वागत दृश्य।

हरियाणा सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा प्रत्येक जिले में सरपंचों के लिए रिफ्रेसर कोर्स कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में पानीपत जिले में जयप्रकाश नारायण, पंजाब नेशनल बैंक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, गांव सिवाह, चौटाला रोड, नजदीक गोशाला पानीपत में जिला पानीपत के सरपंचों के लिए हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी के तत्वावधान में रिसोर्स पर्सन संजय कुमार एवं नारायण दत्त ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 के तहत ग्राम पंचायत, ग्राम सभा के बारे में विस्तार से बताया। वहीं, ईओ जिला परिषद डॉ. किरण सिंह ने सरपंचों को सम्बोधित करते हुए प्रशिक्षण का महत्व बताया एवं सभी सरपंचों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर इस कार्यक्रम का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। महिला सरपंच प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें घूंघट से निकल कर ग्राम पंचायत के विकास के लिए डटकर काम करने का संदेश दिया।

ईइस अवसर पर हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान से असिस्टेंट प्रोफेसर कमलदीप सांगवान, पंचायती राज एक्सईन अमरेंदर सिंह, पीओ एमजीनरेगा रणसिंह, डीपीएम आरजीएस अंजू शर्मा आदि ने सरपंचों का मार्ग दर्शन किया।

---

## समालखा में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



समालखा विधायक मनमोहन भडाना के निर्देशानुसार नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से समालखा उपमंडल प्रशासन द्वारा सोमवार को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम को सोमवार की सुबह छह बजे एसडीएम अमित कुमार द्वारा समालखा फ्लाईओवर के नीचे से शुरू करके रेलवे रोड होते हुए समालखा रेलवे स्टेशन तक स्वच्छता रैली निकाली गई। जिसमें समालखा के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ भडाना के पीए विजय शेखर, नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षदों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इधर, एसडीएम अमित ने कहा कि शहर में जहां-जहां भी नाले अवरुद्ध हुए पड़े हैं सभी को खुलवाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने समालखा के दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि वे कूड़ा कर्कट रोड पर इधर-उधर ना फेंके व दुकानों के बाहर डस्टबिन भी रखें। वहीं, स्वच्छता अभियान समालखा हलके के गांवों में भी चलाया जाएगा।

---

## बच्चों को शिक्षित करना ईश्वरीय कार्य है: बिजेंद्र



**पानीपत।** राजकीय स्कूल गांव कुराना के हैड टीचर बिजेंद्र जागलान को रिटायरमेंट पर स्मृति चिंह भेंट करते हुए साथी अध्यापकगण। फोटो : हरिभूमि

इसराना

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल गांव कुराना के हैड टीचर बिजेंद्र सिंह जागलान सोमवार को सेवानिवृत हो गए। उन्होंने करीब 31 वर्षों तक शिक्षा विभाग में सेवा दी।

स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ व छात्रों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीआरसी हैड एवं प्रिंसिपल अजय कौशिक ने की व संचालन सतपाल ने किया। वहीं बिजेंद्र जागलान ने अपनी सेवानिवृति पर स्कूल को फोटोकॉपियर, स्कैनर व प्रिंटर मशीन भेंट करते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षित करना ईश्वरीय कार्य है।

इस अवसर पर स्कूल हैड राजपाल मलिक, सतबीर शास्त्री, डॉ.जोगिंद्र जागलान, राजेश दहिया, अनुज जागलान, कुलदीप आर्य, अनूज जागलान, ओम सिंह, प्रमोद व राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

---

**समारोह** पुरस्कार सम्मान समारोह-2025 का आयोजन किया गया

## पर्यावरण प्रहरी पुरस्कार से सम्मानित हुए टीचर्स

- यह समाचार हमारी विज्ञापन पार्टी का है, समाचार को बडे आकार के फोटो के साथ प्रकाशित करने की कृपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज के इको क्लब प्रभारी दलजीत, टीचर्स व स्टूडेंट्स को प्रकृति प्रहरी पुरस्कार देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में इको क्लब के अंतर्गत युवा प्रकृति प्रहरी पुरस्कार सम्मान समारोह-2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रिंसिपल डॉ सुभाष चंद्र जागलान और विशिष्ट अतिथि उप-प्राचार्या डॉ रितु नेहरा शामिल हुई। कार्यक्रम का संचालन ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार अध्यक्ष इको क्लब के द्वारा किया गया। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि इको क्लब के अंतर्गत विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व और भविष्य के लिए यह कितना जरूरी है ये प्रति जागरूक किया जाता है। इको क्लब के अंतर्गत पूरे वर्ष इन पर्यावरण प्रहरियों ने पौधारोपण, श्रमदान अभियान, अन्य लोगो को जागरूक करके समाज व राष्ट्र हित में रोल निभाया है। ग्रीनमैन ने कहा कि इको क्लब के तहत हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक लोगो का पर्यावरण जैसे गम्भीर मुद्दे की तरफ ध्यान दिलाना है। ये पर्यावरण प्रहरी भविष्य में भी समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति दीपक दिखाते रहेंगे। प्रिंसिपल सुभाष चंद्र जागलान ने कहा कि ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने पर्यावरण बचाने की एक अच्छी मुहीम की शुरूआत की है उसे छात्रों ने मिलकर एक जन आंदोलन का रूप दिया है।

इको क्लब के तहत 31 विद्यार्थियों और 10 स्टॉफ सदस्यों को सम्मानित किया। इस दौरान डॉ नरेश कुमार, डॉ बृजेश बराड़, डॉ दलबीर देसवाल, डॉ पूजा रानी, डॉ श्रीराम शर्मा,तकदीर सिंह, ज्योति, रविन्द्र, वीरेंद्र सहित इको क्लब के विद्यार्थी मौजूद रहे।

---



## नि:संकोच होकर समस्याएं रखें लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जो समस्याएं समाधान शिविर में पहुंच रही है उनमें इस मुहिम का साफ असर दिखाई पड़ रहा है व इसमें प्रशासन को अच्छी खासी सफलता मिल रही है। नागरिक समाधान शिविर में निःसंकोच होकर अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं व उनका समाधान करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरे दो घंटे समर्पित भाव से देते हैं। नागरिकों को भी अधिकारियों के प्रतिबद्धता दिखानी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### शादी के नाम पर प्रेम जाल में फंसा कर दिया धोखा

**बराड़ा।** बसंतपुरा निवासी एक युवती ने यहां के नवनीत सिंह पर शादी करने का झांसा देने, पैसे हड़पने, धोखा देने व बाद में शादी से मुकरने का आरोप लगाया है। बता दें कि पीड़ित युवती कुछ दिन पूर्व ही क़रीब एक माह की छुट्टी पर इंडिया आई हुई थी। इस दौरान पीड़िता ने एसपी को दी अपनी शिकायत में कहा कि आरोपी नवनीत सिंह ने उसे शादी करने का झांसा दिया व उससे लाखों रुपये और महंगे गिफ्ट्स हड़पे और बाद में उसे धोखा दिया। पीड़िता कनाडा के हैमिल्टन शहर में रह रही है। उसने नवनीत पर आरोप लगाया है कि उसने वर्ष 2012 में उससे शादी का वादा कर दोस्ती की। इतना ही नहीं पीड़िता ने उसे कनाडा बुलाने के लिए भी प्रयास किए। उसने वीजा प्रक्रिया के लिए आरोपी की हर संभव आर्थिक मदद भी की।

### रंजिशन हमला करने पर दो के खिलाफ केस

**जींद।** गांव डोहाना में रंजिश के चलते तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डोहानाखेडा निवासी नीटू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका गांव के ही सुरेश से विवाद को गया था। गत दिवस सुरेश ने बंसल के फोन से कॉल कर उसे बाहर बुला लिया।

### ट्रैक्टर चालक ने बाइक चालक को कुचला, मौत

**कैथल।** कैथल के चीका में एक ट्रैक्टर ड्राइवर ने बाइक पर जा रहे 27 वर्षीय युवक को कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक के भाई ने इस संबंध में चीका थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### हमला कर दो युवकों को घायल करने पर केस

**जींद।** सफीदों के हाट रोड पर कुछ युवकों ने हमला कर दो युवकों को घायल कर दिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने घायल की शिकायत पर 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पाजू खुर्द निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके दोस्त गांव सिंघाना निवासी नवीन ने काम के सिलसिले में सफीदों के हाट के रोड पर बुला लिया। जब दोनों आपस में बातचीत कर रहे थे।

### बारह हजार रुपये लूट के दो आरोपित दबोचे

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने लगभग एक सप्ताह पहले गांव ढाकल के निकट पिकअप चालक से मारपीट करने तथा 12 हजार रुपये लूटने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। धर्मसिंह कालोनी नरवाना निवासी दलबीर ने गत 12 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव लोहचब से शहर मे कोचिंग के लिए निकली युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लोहचब निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया उसकी बेटी शहर में कोचिग लेती थी।

## हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने कई दुकानदारों के दस्तावेज जांचे

# ऐलानः मंडे बाजार में बाहरी व्यक्तियों को नहीं करने दिया जाएगा कारोबार

**पुलिस ने जांच के दौरान 90 दुकानदारों के अजनबी पर्चे भरे, आपराधिक रिकॉर्ड मिलने पर होगी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। मंडे बाजार में फड़ी लगाने वालों की जांच करते एसएचओ व अन्य जवान।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले के बाद लोगों में गुस्सा है। इसको लेकर हिंदू संगठन बाहरी लोगों पर नकेल कसने की मांग कर रहे हैं। सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों ने अंबाला के मंडे मार्केट में किसी भी बाहरी व्यक्ति को कारोबार नहीं करने दिया। आतंकी हमले के खिलाफ गुस्साए हिंदू परिषद के सदस्यों ने एकजुट होकर अंबाला कैंट में आयोजित मंडे मार्केट में अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने जय श्री राम, हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। हिंदू समाज के लोगों ने इस बाजार में रेहड़ी लगाने वालों से अपील की है कि वह किसी भी बाहरी मुस्लिम समुदाय के लोगों को रेहड़ी न लगाने दें। हालांकि मंडे मार्केट में लगने वाली दुकानदारों में से कुछ से आधार कार्ड भी जांचे। मौके पर अंबाला कैंट थाना प्रभारी अजायब सिंह सहित भारी पुलिस तैनात रहा। इस बीच बाहरी मुस्लिम समुदाय की इस बाजार में कोई रेहड़ी नहीं मिली। आखिर में पुलिस हिंदू परिषद के सदस्यों को समझाते हुए कहा कि उनकी तरफ से नियमित तौर पर नजर रखी जा रही है। इसके बाद सभी वापस लौट आए। हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों का साफ तौर पर कहना है कि जो घटना जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई उसके बाद बाहरी व्यक्ति पर भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि ये लोग यहां पहले रेकी करके बाद में किसी ऐसी घटना को अंजाम न दे दें। यही कारण है कि बाहरी व्यक्तियों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। बजरंग दल के सदस्यों ने कहा कि मंडे मार्केट केवल अंबाला वासियों के लिए है यहां केवल वो ही कारोबार कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में अंबाला में बाहरी व्यक्ति हमारे स्थानीय लोगों से झगड़ा भी करते थे। उन्होंने बताया कि इसके बारे में थाने में भी शिकायत दी गई थी।

### पुलिस वैरिफिकेशन जरूरी

एसपी ने भी लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह किराएदारों या दुकानों पर काम करने वालों की पुलिस वैरिफिकेशन कराकर ही किराएदार या अपनी दुकान पर काम करने के लिए रखें। कई बार आपराधिक किस्म का व्यक्ति होता है जिसे हम किराएदार या दुकान पर काम करने के लिए रख लेते हैं। वह अपराध करके निकल जाता है बाद में पता करने पर मालिक द्वारा न तो पुलिस वैरिफिकेशन करवाई मिलती है और न ही उसका कोई पहचान पत्र होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के व्यक्तियों को किराएदार या काम पर न रखें।

### उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी

एसएचओ अंबाला छावनी अजायब सिंह ने सोमवार को अंबाला छावनी में लगने वाले फड़ी बाजार का किया दौरा। उन्होंने यहां संदिग्ध व्यक्तियों के भरे पर्चे अजनबी, किराएदारों व दुकानों पर काम करने वालों की वैरिफिकेशन करवाने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि इस बाजार में दुकानदार दूर दराज से सामान बेचने के लिए दुकानें लगाते हैं। खरीददार सामान की खरीददारी करते हैं। अक्सर देखने में आया है कि सोमवार लगने वाले बाजार में दुकान लगाने वाले अधिकतर दुकानदार व दुकान पर काम करने वालों की वैरिफिकेशन नहीं होती। न ही अधिकतर व्यक्तियों के पास कोई पहचान पत्र होता है। जांच के दौरान फडी बाजार से एसएचओ ने लगभग 80-90 संदिग्ध व्यक्तियों के पर्चे अजनबी भरवाए। पहचान के लिए पर्चे अजनबियों को डाक के माध्यम से संबंधित थाना को भेजा जाएगा। थानों से पता किया जाएगा कि किसी के खिलाफ कोई आपराधिक रिकार्ड तो नहीं है। अगर किसी का आपराधिक रिकार्ड पाया जाता है तो उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## आइडियाथॉन पहल के तहत कार्यशाला का आयोजन किया

- आईआईटी रोपड़ की समृद्धि पहल के तहत उन्नत विनिर्माण तकनीक और स्टार्टअप पर दो दिवसीय कार्यशाला
- आईआईटी रोपड़ ने यूनिवर्सिटी, उत्तराखंड के साथ मिलकर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोपड़/चंडीगढ़

आईआईटी रोपड़ प्रौद्योगिकी और नवाचार फाउंडेशन AWADH, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के NM-ICPS के तहत, गोविंद बल्लभ पंत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (GBPIET), पौड़ी, उत्तराखंड के सहयोग से, IIT रोपड़ की समृद्धि आइडियाथॉन पहल के तहत "उन्नत विनिर्माण तकनीक में हालिया रुझान और छात्रों के लिए स्टार्टअप अवसर" पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला ने संकाय और छात्र स्टार्टअप को सशक्त बनाया, जिससे कृषि, AI और CPS में नवाचार के लिए IIT रोपड़ की प्रतिबद्धता को बल मिला। GBPIET को CPS प्रशिक्षण के लिए अनुदान प्राप्त करने के लिए आइडियाथॉन पहल के तहत चुना गया था। डॉ. अमित कुमार (PI) और छात्र रोहित कंडवाल ने जल उपचार प्रौद्योगिकी विकास के लिए अतिरिक्त 2.5 लाख का अनुदान भी प्राप्त किया। उद्घाटन सत्र में डॉ. धनंजय सिंह (निदेशक, GBPIET ), प्रो. केकेएस मेर (HOD), प्रो. संजीव नैथानी (Dean R&D), डॉ. मुकेश केस्टवाल (CIO, IIT Ropar TIF), डॉ. अमित कुमार (पीआई), और सह-पीआई डॉ. आशुतोष गुप्ता और डॉ. हिमांशु प्रसाद रतूड़ी शामिल थे। डॉ. धनंजय सिंह ने छात्र-उद्योग संपर्क को बढ़ावा देने में कार्यशालाओं की भूमिका पर जोर दिया और टीम को बधाई दी। डॉ. मुकेश केस्टवाल ने आईआईटी रोपड़ की iHub-AWaDH और कृषि में AI CoE, ANNAM.AI की पहल पर मुख्य भाषण दिए। उन्होंने सीपीएस एकीकरण, फंडिंग के अवसर, टीआरएल और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग पर चर्चा की।

## पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन

- समाजसेवी नरेंद्र बिलमा बोले खेल से व्यक्तित्व पर निखरता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना




मुलाना। बेंच प्रेस स्ट्रांग वुमैन का खिताब पाने वाली मोनिका को सम्मानित करते मुख्यअतिथि।

विश्वकर्मा मंदिरमें एएफबीबीए के अध्यक्ष गगन कुमार और जनरल सेक्रेटरी विकास जिंदल द्वारा भव्य पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में युवा और युवतियों ने भाग लिया। चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विजेता एथलीटों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी नरेंद्र बिल्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। बिलमा ने अपने संबोधन में कहा, खेल न केवल शारीरिक मजबूती देता है बल्कि व्यक्तित्व को भी निखारता है। युवाओं को खेलों के माध्यम से सकारात्मक दिशा में बढ़ते देखना गर्व का विषय है। आयोजक गगन ने भी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा हमारा लक्ष्य युवाओं को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। भविष्य में भी हम ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते रहेंगे।

## हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाने का अधिकार

- नए शिक्षा सत्र में फाउंडेशन की ओर से चलाया जा रहा व्यापक अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। बच्चों के साथ इद्रीश फाउंडेशन की टीम। फोटो : हरिभूमि

नया शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही इद्रीश फाउंडेशन की टीम एक नई ऊर्जा के साथ मैदान में उतर गई है। संस्था का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद बच्चों तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है। इसी दिशा में फाउंडेशन ने एक व्यापक अभियान की शुरुआत की है जिसमें बच्चों को गोद लेना, उन्हें कॉपी, किताब, वर्दी और अन्य शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराना शामिल है। प्रोजेक्ट केयर' के तहत इस वर्ष 30 जरूरतमंद बच्चों का चयन किया गया है जिनकी स्कूल फीस समाज के मददगार और संवेदनशील लोगों के सहयोग से उपलब्ध कराई जाएगी। फाउंडेशन का मानना है कि आर्थिक अभाव किसी भी बच्चे की पढ़ाई में बाधा नहीं बनना चाहिए। साथ ही, 'इंदु की पोटली' नामक एक और पहल के अंतर्गत 200 से अधिक बच्चों को कॉपी, पेन, बैग और पढ़ाई में सहायक अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर जो खुशी दिखाई दी, उसने इस प्रयास को और भी सार्थक बना दिया। इस अवसर पर फाउंडेशन की संस्थापक नेहा परवीन ने बच्चों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया और कहा, /"हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाने का अधिकार है। फाउंडेशन का उद्देश्य है कि हम हर उस बच्चे तक पहुँचें जो संसाधनों की कमी के चलते शिक्षा से वंचित रह जाता है। कार्यक्रम में वंदना कौशल, करिश्मा कौशल और तरुण अग्रवाल ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

### अभियान से जोड़ा जाए

एसडी स्कूल की प्राचार्य सुनीता मनचंदा ने भी फाउंडेशन के प्रयासों की प्रशंसा करते कहा, /"फाउंडेशन का यह कार्य शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। यदि हम सब मिलकर आगे आएं तो कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। इद्रीश फाउंडेशन की यह पहल न केवल बच्चों के वर्तमान को संवारने की दिशा में एक कदम है बल्कि उनके उज्जवल भविष्य के सपनों को भी आकार दे रही है। संस्था का संकल्प है कि भविष्य में और भी अधिक बच्चों को इस अभियान से जोड़ा जाए और शिक्षा की अलख पूरे समाज में जगाई जाए।

## भावना को मिस, विशाल को मिस्टर फेयरवेल का खिताब

- राजकीय महाविद्यालय में बीकॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़



नारायणगढ़। विदाई समारोह के दौरान छात्रों के साथ शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय में बीकॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक भावात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह प्राचार्या डॉ. खुशीला के मार्गदर्शन एवं कार्यकारी प्राचार्य डॉ. प्रोफेसर देवेन्द्र ढींगरा की अध्यक्षता में किया गया। इस विशेष अवसर पर सबसे पहले विद्यार्थियों ने कार्यकारी प्राचार्य एवं वाणिज्य विभाग के समस्त स्टाफ को पुष्पगुच्छ भेंटकर कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य द्वारा रिबन काटकर किया गया। कार्यकारी प्राचार्य एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर रेनू कुमारी ने कहा कि आप सभी विद्यार्थी हमारे कॉलेज की शान हैं। उन्होंने कहा कि मेहनत, ईमानदारी और सकारात्मक सोच से हर सपना पूरा किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों से अपने मूल्यों को बनाए रखने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की बात कही। प्रोफेसर सुभाष कुमार एवं प्रोफेसर संजीव कुमार इतिहास विभाग ने भी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विदाई समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी अपने अनुभव सांझा किए और शिक्षकों को टाइटल देकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कई मनोरंजक खेल और प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं जिससे माहौल और भी उल्लासपूर्ण हो गया। मिस फेयरवेल भावना, मिस्टर फेयरवेल विशाल, मिस ब्यूटीफुल रितिका, मिस्टर हैंडसम केतन एवं मिस परफेक्ट मानसी व मिस्टर दीपांशु बने। मंच संचालन बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्राओं भावना व मानसी ने किया। वाणिज्य विभाग के समस्त स्टाफ सदस्य डॉ. मनीषा, डॉ. सपना गुप्ता, डॉ. राजिंद्र, दलजीत, सपना सैनी, मुकेश, निशा व आशिमा ने भी अपनी शुभकामनाएं छात्रों को दी।

## पुतला फूंककर जताया विरोध

- रजा ए मुस्तफा वेलफेयर सोसायटी ने भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। विरोध प्रदर्शन करते मुस्लिम समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सोमवार को विरोध प्रदर्शन हुआ। रजा ए मुस्तफा वेलफेयर सोसायटी बादशाही मस्जिद द्वारा अंबाला शहर जगाधरी गेट चौक पर रोष प्रदर्शन किया। साथ ही मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। प्रधान मेराज आलम ने सरकार से आतंकी हमला करने वाले दोषियों पर ऐसी कार्रवाई करने की मांग की, जिससे फिर से कोई भी ऐसा कायराना हमला करने की कोशिश न कर सकें। इस दौरान रजा ए मुस्तफा वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों ने भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुदार्बाद, आतंकवाद मुदार्बाद के नारे लगाए। सोसायटी के सभी पदाधिकारीयों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। सोसायटी पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ केंद्र सरकार के किसी भी फैसले के साथ खड़ी है।

## ऑनलाइन सर्टिफिकेट बनवाना बना परेशानी

- सरकारी दफ्तरों में रिकॉर्ड आधा-अधूरा, कैसे बनेंगे ऑनलाइन सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

प्रदेश सरकार ने सभी विभागों को ऑनलाइन सर्टिफिकेट बनाने के आदेश दिए है। इनमें जन्म , मृत्यु व जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य सभी सर्टिफिकेट शामिल हैं। सरकार ने अपने आदेश में कहा है कि इन प्रमाण पत्रों पर कम्प्यूटर जनित क्यूआर कोड अनिवार्य होगा। पुराने ऑफलाइन प्रमाण पत्र अब स्वीकार नहीं किए जाएंगे। हालांकि इस आदेश के बाद लोगों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। क्योंकि प्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसे लोग है जिनके पास केवल पुराने ऑफलाइन प्रमाण पत्र हैं। अगर वो अपने इन सर्टिफिकेट को ऑनलाइन बनवाना भी चाहे तो सरकारी दफ्तरों में रिकॉर्ड ही पूरा नहीं है। ऐसे में लोगों के सामने बड़ी दिक्कत खड़ी हो गयी है।

### तंदवाल का मामला आया था सामने

बीते दिनों इसी प्रकार का मामला गांव तंदवाल के जसवंत सिंह का सामने आया था। उन्होंने बताया कि उनके बेटे दीक्षांत चौहान का जन्म प्रमाण पत्र 2007 में बराड़ा पीएचसी से ऑफलाइन जारी हुआ था। उसमें सभी जानकारियां सही दर्ज थीं लेकिन जब हाल ही में उन्होंने ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया तो नए दस्तावेज में न तो बच्चे का नाम था और न ही माता-पिता का नाम सही दर्ज किया गया। पीड़ित जब सीएचसी पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि अब नई फाइल बनवानी होगी। अधिकारियों ने माना कि ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं जिनमें पुराने रिकॉर्ड से ऑनलाइन डाटा मेल नहीं खा रहा। स्टाफ का कहना है कि रिकॉर्ड अधूरा या गलत होने के चलते यह समस्या आम हो गई है।

### सिस्टम सुधारने की मांग

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि ऑनलाइन सर्टिफिकेट बनाने के लिए ही सरकारी दफ्तरों में जब रिकॉर्ड पूरा नही है तो सरकारी अधिकारी किस आधार पर ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाकर देंगे। लोगों का कहना है कि प्रदेश सरकार को इस आदेश को लागू करने से पहले जमीनी हकीकत को समझना चाहिए तब जाकर ही ऐसे आदेश देने चाहिएं। या फिर पुराने ऑफलाइन प्रमाण पत्रों के आधार पर ही नए ऑनलाइन रिकॉर्ड को शुद्ध किया जाए।

## उत्कृष्ठ कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी सम्मानित

# खुशी सभी बीमारियों व नकारात्मक विचारों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। सम्मानित किए गए लोगों के साथ बीके बहनें। फोटो : हरिभूमि

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में समाज सेवा में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया। समाज की समृद्धि में अध्यात्म की भूमिका* विषय पर विशाल भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता मुंबई से पधारे राजयोगी भ्राता डॉ ईवी स्वामीनाथन जी ने नेगेटिव भावनाओं को पॉजिटिव में परिवर्तन करने के बहुत अच्छे तरीके बताए। उन्होंने डायबिटीज की बीमारी का उदाहरण देते हुए समझाया कि बीमारी का जो कारण है वह है मन में खुशी न होना। जितना हमारे मन में खुशी रहती है उतना हमारे शरीर से निकलने वाले हार्मोन संतुलित रहते हैं। सभी बीमारियां हमसे दूर रहती हैं। हमारे मन में उठने वाले नकारात्मक विचारों के कारण व्यर्थ विचारों के कारण इंसान बहुत सारी बीमारियों से ग्रस्त हैं। हमारे देश का बहुत सारा पैसा डॉक्टर के पास जा रहा है। यदि हमें अपने समाज को समृद्ध बनाना है तो हमें अपने शरीर की बीमारियों को भी मेडिटेशन तथा एक्सरसाइज के माध्यम से ठीक करना चाहिए।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वामी राजेश्वरानंद ने कहा परमात्मा ने ज्ञान की देवी सरस्वती, धन की देवी लक्ष्मी, व शक्ति की देवी दुर्गा आदि महिलाओं को ही विशेष शक्तियां दी है ठीक इसी प्रकार यह ब्रह्माकुमारी बहनें भी इन सर्व शक्तियों से संपन्न है। वशिष्ट अतिथि डीएसपी सूरज चावला ने भी बहनों का आभार प्रकट किया की। नारायणगढ़ सेवा केंद्र इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी हरदीप दीदी ने सभी का धन्यवाद किया तथा प्रसाद वितरित किया और जलपान करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाहाबाद मारकंडा से पधारी राजयोगिनी बीके नीति दीदी ने की। इस अवसर पर बराड़ा सेवा केंद्र से राजयोगिनी बीके सविता दीदी बीके चेतना दीदी अंबाला शहर से बीके शिवानी दीदी रायपुर रानी से बीके किरण दीदी बीके सीमा दीदी अंबाला कैंट से मोटिवेशनल स्पीकर राजयोगी भ्राता राकेश मेहता सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति व बीके भाई बहनें उपस्थित रहे।